**2015 का विधेयक संख्यांक 194**

[दि रिपीलिंग एंड अमेंडिंग (फोर्थ) बिल, 2015 का हिन्दी अनुवाद]

# निरसन और संशोधन (चौथा) विधेयक, 2015

**कतिपय अधिनियमितियों का निरसन और कतिपय अन्य अधिनियमितियों का संशोधन करने के लिए विधेयक**

भारत गणराज्य के छियासठवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :--

संक्षिप्त नाम ।

1. इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम निरसन और संशोधन (चौथा) अधिनियम, 2015 है ।

कतिपय अधिनियमितियों का निरसन ।

2. पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिनियमितियों को इसके द्वारा उसके चौथे स्तंभ में वर्णित विस्तार तक निरसित किया जाता है ।

कतिपय अधिनियमितियों का संशोधन ।

3. दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट अधिनियमितियों को इसके द्वारा उसके चौथे स्तंभ में वर्णित विस्तार तक तथा रीति से संशोधित किया जाता है ।

व्यावृत्ति ।

4. किसी अधिनियमिति का इस अधिनियम द्वारा निरसन किया जाना, किसी अन्य ऐसी अधिनियमिति को प्रभावित नहीं करेगा जिसमें निरसित अधिनियमिति को लागू, सम्मिलित या निर्दिष्ट किया गया है ;

और इस अधिनियम का प्रभाव, पहले की गई या हुई किसी बात या पहले से अर्जित, प्रोद्भूत या उद्भूत किसी अधिकार, हक, बाध्यता या दायित्व अथवा उसके विषय में किसी उपचार या कार्यवाही या किसी ऋण, शास्ति, बाध्यता, दायित्व, दावे या मांग से कोई निर्मोचन या उन्मोचन या पहले से अनुदत्त किसी क्षतिपूर्ति या किसी पूर्व कार्य या बात के सबूत की विधिमान्यता, अविधिमान्यता, उसके प्रभाव या परिणामों पर नहीं पड़ेगा ;

और न ही, इसका प्रभाव विधि के किसी सिद्धान्त या नियम या स्थापित अधिकारिता, अभिवचन के प्ररूप या अनुक्रम, पद्धति या प्रक्रिया, या विद्यमान प्रथा, रूढ़ि, विशेषाधिकार, निर्बंधन, छूट, पद या नियुक्ति पर नहीं पड़ेगा भले ही वह, यथास्थिति, इसके द्वारा निरसित किसी अधिनियमिति द्वारा, उसमें या उससे किसी रीति से पुष्ट, मान्य या व्युत्पन्न क्यों न हो ;

और न ही, इस अधिनियम द्वारा किसी अधिनियमिति के, जो अब विद्यमान या प्रवृत्त नहीं है, निरसन से कोई अधिकारिता, पद, रूढ़ि, दायित्व, अधिकार, हक, विशेषाधिकार, निर्बंधन, छूट, प्रथा, पद्धति, प्रक्रिया या अन्य विषय या बात पुनरुज्जीवित या प्रत्यावर्तित होगी ।

# पहली अनुसूची

**(धारा 2 देखिए)**

## निरसन

| वर्ष | संख्यांक | संक्षिप्त नाम | निरसन का विस्तार |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1863 | 16 | उत्पाद-शुल्क (स्पिरिट) अधिनियम, 1863 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1871 | 23 | पेंशन अधिनियम, 1871 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1874 | 4 | विदेशी भर्ती अधिनियम, 1874 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1875 | 18 | भारतीय निर्णय पत्रिका अधिनियम, 1875 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1879 | 6 | हाथी परिरक्षण अधिनियम, 1879 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1890 | 13 | उत्पाद-शुल्क (माल्ट लिकर) अधिनियम, 1890 | संपूर्ण |
| 1898 | 3 | कुष्ठ रोगी अधिनियम, 1898 | संपूर्ण |
| 1902 | 4 | भारतीय ट्राम अधिनियम, 1902 | संपूर्ण |
| 1912 | 8 | वन्य पक्षी और जीव-जन्तु संरक्षण अधिनियम, 1912 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1913 | 6 | मुसलमान वक्फ विधिमान्यकरण अधिनियम, 1913 | संपूर्ण |
| 1916 | 7 | भारतीय चिकित्सा उपाधि अधिनियम, 1916 | संपूर्ण |
| 1919 | 1 | स्थानीय प्राधिकरण पेंशन और उपदान अधिनियम, 1919 | संपूर्ण |
| 1930 | 32 | मुसलमान वक्फ विधिमान्यकरण अधिनियम, 1930 | संपूर्ण |
| 1933 | 2 | बालक (श्रम गिरवीकरण) अधिनियम, 1933 | संपूर्ण |
| 1936 | 18 | रेड क्रास सोसाइटी (संपत्ति का आबंटन) अधिनियम, 1936 | संपूर्ण |
| 1936 | 22 | भारतीय कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1936 | संपूर्ण |
| 1938 | 24 | नियोजक-दायित्व अधिनियम, 1938 | संपूर्ण |
| 1940 | 12 | आय-कर विधि (संशोधन) अधिनियम, 1940 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1941 | 22 | भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 1941 | संपूर्ण |
| 1941 | 23 | भारतीय आय-कर (संशोधन) अधिनियम, 1941 | संपूर्ण |
| 1941 | 24 | आधिक्य लाभ कर (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1941 | संपूर्ण |
| 1941 | 25 | रेल (स्थानीय प्राधिकारी कर) अधिनियम, 1941 | संपूर्ण |
| 1947 | 44 | आय-कर और कारबार लाभ कर (संशोधन) अधिनियम, 1947 | संपूर्ण |
| 1947 | 45 | भारतीय व्यापार संघ (संशोधन) अधिनियम, 1947 | संपूर्ण |
| 1948 | 38 | विधिक कार्यवाहियों का चालू रह जाना अधिनियम, 1948 | संपूर्ण |
| 1948 | 48 | आय-कर और कारबार लाभ कर (संशोधन) अधिनियम, 1948 | संपूर्ण |
| 1948 | 58 | बंदी आदान-प्रदान अधिनियम, 1948 | संपूर्ण |
| 1948 | 60 | विस्थापित व्यक्तियों का पुनर्वास (भूमि अर्जन) अधिनियम, 1948 | संपूर्ण |
| 1949 | 24 | दिल्ली होटल (आवासन का नियंत्रण) अधिनियम, 1949 | संपूर्ण |
| 1949 | 53 | भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 1949 | संपूर्ण |
| 1949 | 59 | विलयित राज्य (विधियां) अधिनियम, 1949 | संपूर्ण |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 1950 | 9 | भारतीय चाय नियंत्रण (संशोधन) अधिनियम, 1950 | संपूर्ण |
| 1950 | 26 | ओषधि (नियंत्रण) अधिनियम, 1950 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1950 | 52 | अनिवार्य प्रदाय (अस्थायी शक्तियां) संशोधन अधिनियम, 1950 | संपूर्ण |
| 1950 | 71 | भारतीय आय-कर (संशोधन) अधिनियम, 1950 | संपूर्ण |
| 1950 | 72 | अनिवार्य प्रदाय (अस्थायी शक्तियां) दूसरा संशोधन अधिनियम, 1950 | संपूर्ण |
| 1951 | 42 | भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 1951 | संपूर्ण |
| 1951 | 59 | दिल्ली परिसर (अध्यपेक्षा और बेदखली) संशोधन अधिनियम, 1951 | संपूर्ण |
| 1952 | 9 | भारतीय स्वतंत्रता पाकिस्तान न्यायालय (लंबित कार्यवाहियां) अधिनियम, 1952 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1952 | 49 | भारतीय चाय नियंत्रण (संशोधन) अधिनियम, 1952 | संपूर्ण |
| 1952 | 54 | केंद्रीय चाय बोर्ड (संशोधन) अधिनियम, 1952 | संपूर्ण |
| 1953 | 23 | भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 1953 | संपूर्ण |
| 1953 | 25 | भारतीय आय-कर (संशोधन) अधिनियम, 1953 | संपूर्ण |
| 1953 | 54 | भारतीय रिजर्व बैंक (संशोधन और प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1953 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1954 | 9 | पोत परिवहन नियंत्रण (संशोधन) अधिनियम, 1954 | संपूर्ण |
| 1954 | 13 | प्रेस (आक्षेपणीय सामग्री) संशोधन अधिनियम, 1954 | संपूर्ण |
| 1954 | 23 | संघ प्रयोजनार्थ भूमियों का राजकीय अर्जन (विधिमान्यकरण) अधिनियम, 1954 | संपूर्ण |
| 1954 | 33 | भारतीय आय-कर (संशोधन) अधिनियम, 1954 | संपूर्ण |
| 1954 | 41 | कराधान विधि (जम्मू-कश्मीर पर विस्तारण) अधिनियम, 1954 | संपूर्ण |
| 1954 | 53 | निर्हता निवारण (संसद् और भाग ग राज्य विधान-मंडल) दूसरा संशोधन अधिनियम, 1954 | संपूर्ण |
| 1955 | 29 | औद्योगिक विवाद (अपील अधिकरण) संशोधन अधिनियम, 1955 | संपूर्ण |
| 1955 | 52 | निर्हता निवारण (संसद् और भाग ग राज्य विधान-मंडल) दूसरा संशोधन अधिनियम, 1955 | संपूर्ण |
| 1956 | 10 | पोत परिवहन नियंत्रण (जारी रहना) अधिनियम, 1956 | संपूर्ण |
| 1956 | 26 | भारतीय आय-कर (संशोधन) अधिनियम, 1956 | संपूर्ण |
| 1956 | 36 | औद्योगिक विवाद (संशोधन और प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1956 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1956 | 45 | समाचारपत्र (कीमत और पृष्ठ) अधिनियम, 1956 | संपूर्ण |
| 1956 | 52 | सरकारी परिसर (बेदखली) संशोधन अधिनियम, 1956 | संपूर्ण |
| 1956 | 63 | अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1956 | संपूर्ण |
| 1956 | 95 | बैंककारी कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1956 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1957 | 17 | जीवन-बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1957 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1957 | 47 | भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 1957 | संपूर्ण |
| 1957 | 53 | भारतीय रेल (संशोधन) अधिनियम, 1957 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1957 | 64 | निरर्हता निवारण (संशोधन) अधिनियम, 1957 | संपूर्ण |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1958 | 9 | पोत परिवहन नियंत्रण (जारी रहना) अधिनियम, 1958 | संपूर्ण |
| 1958 | 33 | संपदा-शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 1958 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1958 | 35 | मणिपुर और त्रिपुरा (विधियों का निरसन) अधिनियम, 1958 | संपूर्ण |
| 1958 | 54 | निरर्हता निवारण (संशोधन) अधिनियम, 1958 | संपूर्ण |
| 1959 | 1 | भारतीय आय-कर (संशोधन) अधिनियम, 1959 | संपूर्ण |
| 1959 | 17 | कोयला श्रेणीकरण बोर्ड (निरसन) अधिनियम, 1959 | संपूर्ण |
| 1959 | 29 | सार्वजनिक वक्फ (परिसीमा विस्तारण) अधिनियम, 1959 | संपूर्ण |
| 1960 | 16 | संपदा शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 1960 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1960 | 18 | भारतीय बायलर (संशोधन) अधिनियम, 1960 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1960 | 28 | कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 1960 | संपूर्ण |
| 1960 | 45 | भारतीय संग्रहालय (संशोधन) अधिनियम, 1960 | संपूर्ण |
| 1960 | 54 | रेल यात्री किराया (संशोधन) अधिनियम, 1960 | संपूर्ण |
| 1960 | 65 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1960 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1961 | 7 | बैंककारी कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1961 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1961 | 36 | समाचारपत्र (कीमत और पृष्ठ का जारी रहना) अधिनियम, 1961 | संपूर्ण |
| 1961 | 55 | चीनी (उत्पादन विनियमन) अधिनियम, 1961 | संपूर्ण |
| 1962 | 17 | वायु निगम (संशोधन) अधिनियम, 1962 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1962 | 43 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1962 | संपूर्ण |
| 1962 | 56 | राज्य सहयुक्त बैंक (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1962 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1962 | 59 | वैयक्तिक क्षति (आपात उपबंध) अधिनियम, 1962 | संपूर्ण |
| 1963 | 21 | अनिवार्य निक्षेप स्कीम अधिनियम, 1963 | संपूर्ण |
| 1963 | 37 | वैयक्तिक क्षति (प्रतिकर बीमा) अधिनियम, 1963 | संपूर्ण |
| 1963 | 53 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1963 | संपूर्ण |
| 1964 | 32 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1964 | संपूर्ण |
| 1965 | 23 | बैंककारी विधि (सहकारी सोसाइटी को लागू होना) अधिनियम, 1965 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1965 | 31 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1965 | संपूर्ण |
| 1966 | 21 | वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 1966 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1966 | 30 | विद्युत (प्रदाय) संशोधन अधिनियम, 1966 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1966 | 37 | कंपनी (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1966 | संपूर्ण |
| 1967 | 14 | आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 1967 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1967 | 25 | बाट और माप मानक (कोहिमा और मोकाक चांग जिलों पर विस्तारण) अधिनियम, 1967 | संपूर्ण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1968 | 60 | राज्य कृषि उधार निगम अधिनियम, 1968 | संपूर्ण |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1969 | 17 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1969 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1969 | 22 | बैंककारी कंपनी (उपक्रम का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1969 | संपूर्ण |
| 1969 | 23 | कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) संशोधन अधिनियम, 1969 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1969 | 28 | केन्द्रीय विक्रय कर (संशोधन) अधिनियम, 1969 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1969 | 37 | दिल्ली उच्च न्यायालय (संशोधन) अधिनियम, 1969 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1969 | 38 | वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 1969 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1970 | 24 | पेट्रोलियम (संशोधन) अधिनियम, 1970 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1970 | 25 | वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 1970 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1970 | 51 | केंद्रीय श्रम विधि (जम्मू-कश्मीर पर विस्तारण) अधिनियम, 1970 | संपूर्ण |
| 1971 | 63 | जयंती शिपिंग कंपनी (शेयरों का अर्जन) अधिनियम, 1971 | संपूर्ण |
| 1971 | 64 | कोककारी कोयला खान (आपात उपबंध) अधिनियम, 1971 | संपूर्ण |
| 1972 | 58 | इंडियन कापर कारपोरेशन (उपक्रम का अर्जन) अधिनियम, 1972 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1972 | 72 | रुग्ण कपड़ा उपक्रम (प्रबंध ग्रहण) अधिनियम, 1972 | संपूर्ण |
| 1973 | 15 | कोयला खान (प्रबंध-ग्रहण) अधिनियम, 1973 | संपूर्ण |
| 1973 | 62 | कोंकण यात्री पोत (अर्जन) अधिनियम, 1973 | संपूर्ण |
| 1974 | 4 | एस्सो (भारत में उपक्रमों का अर्जन) अधिनियम, 1974 | संपूर्ण |
| 1974 | 37 | अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य निक्षेप) अधिनियम, 1974 | संपूर्ण |
| 1976 | 2 | बर्मा शैल (भारत में उपक्रमों का अर्जन) अधिनियम, 1976 | संपूर्ण |
| 1976 | 97 | बर्न कंपनी और इंडियन स्टैण्डर्ड वैगन कंपनी (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1976 | संपूर्ण |
| 1976 | 98 | लक्ष्मीरत्तन एंड एथरटन वेस्ट काटन मिल्स (प्रबंध ग्रहण) अधिनियम, 1976 | संपूर्ण |
| 1976 | 106 | अस्पृश्यता (अपराध) संशोधन और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1976 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1977 | 17 | काल्टेक्स [काल्टेक्स आइल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों तथा काल्टेक्स (इंडिया) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन] अधिनियम, 1977 | संपूर्ण |
| 1978 | 21 | निक्षेप बीमा निगम (संशोधन और प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1978 | संपूर्ण |
| 1979 | 28 | कोसन गैस कंपनी (उपक्रम का अर्जन) अधिनियम, 1979 | संपूर्ण |
| 1980 | 64 | मारुति लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 | संपूर्ण |
| 1981 | 18 | आवश्यक वस्तु (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1981 | संपूर्ण |
| 1981 | 19 | चोरबाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय (संशोधन) अधिनियम, 1981 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1981 | 41 | बर्मा आइल कंपनी [आइल इंडिया लिमिटेड के शेयरों तथा असम आइल कंपनी लिमिटेड और बर्मा आइल कंपनी (इंडिया ट्रेडिंग) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन] अधिनियम, 1981 | संपूर्ण |
| 1982 | 26 | पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण (संशोधन) अधिनियम, 1982 | उतना भाग, जितना |

निरसित नहीं किया गया है

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 1982 | 31 | संपदा शुल्क अधिनियम, 1982 | संपूर्ण |
| 1982 | 38 | मजदूरी संदाय (संशोधन) अधिनियम, 1982 | संपूर्ण |
| 1982 | 50 | अमृतसर आयल वर्क्स (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1982 | संपूर्ण |
| 1982 | 58 | केन्द्रीय उत्पादशुल्क विधि (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 1982 | संपूर्ण |
| 1982 | 68 | ओषधि और प्रसाधन सामग्री (संशोधन) अधिनियम, 1982 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1983 | 29 | राष्ट्रीय तिलहन और वनस्पति तेल विकास बोर्ड अधिनियम, 1983 | संपूर्ण |
| 1983 | 40 | कपड़ा उपक्रम (प्रबंध ग्रहण) अधिनियम, 1983 | संपूर्ण |
| 1983 | 44 | भारतीय रेल (संशोधन) अधिनियम, 1983 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1984 | 1 | बैंककारी विधि (संशोधन) अधिनियम, 1983 | संपूर्ण |
| 1984 | 16 | गणेश फ्लोर मिल्स कंपनी लिमिटेड (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1984 | संपूर्ण |
| 1984 | 26 | उपदान संदाय (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1984 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1984 | 33 | मुगल लाइन लिमिटेड (शेयरों का अर्जन) अधिनियम, 1984 | संपूर्ण |
| 1984 | 34 | आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 1984 | संपूर्ण |
| 1984 | 38 | दिल्ली विकास (संशोधन) अधिनियम, 1984 | संपूर्ण |
| 1984 | 45 | कर्मचारी राज्य बीमा (संशोधन) अधिनियम, 1984 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1984 | 53 | संपदा शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 1984 | संपूर्ण |
| 1984 | 54 | लेवी चीनी समान कीमत निधि (संशोधन) अधिनियम, 1984 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1984 | 59 | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (संशोधन) अधिनियम, 1984 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1984 | 63 | दहेज प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम, 1984 | संपूर्ण |
| 1984 | 67 | कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 1984 | संपूर्ण |
| 1985 | 3 | साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन अधिनियम, 1985 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1985 | 83 | फतुहा-इस्लामपुर लाइट रेल लाइन (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1985 | संपूर्ण |
| 1986 | 33 | वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 1986 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1986 | 66 | पोत परिवहन विकास निधि समिति (उत्सादन) अधिनियम, 1986 | संपूर्ण |
| 1987 | 27 | राष्ट्रीय सुरक्षा (संशोधन) अधिनियम, 1987 | संपूर्ण |
| 1987 | 43 | संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1987 | संपूर्ण |
| 1989 | 3 | प्रत्यक्ष कर विधि (संशोधन) अधिनियम, 1989 | संपूर्ण |
| 1989 | 29 | कर्मचारी राज्य बीमा (संशोधन) अधिनियम, 1989 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1991 | 2 | कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 1991 | संपूर्ण (धारा 6 के सिवाय) |
| 1991 | 34 | उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 1991 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 1991 | 44 | वन्य जीव (संशोधन) अधिनियम, 1991 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1991 | 60 | दिल्ली उच्च न्यायालय (संशोधन) अधिनियम, 1991 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1993 | 49 | बेतवा नदी बोर्ड (संशोधन) अधिनियम, 1993 | उतना भाग, जितना निरसित नहीं किया गया है |
| 1994 | 27 | पंजाब ग्राम पंचायत, समिति और जिला परिषद् (चंडीगढ़) अधिनियम, 1994 | संपूर्ण |
| 1999 | 2 | कपास ओटाई (निरसन) अधिनियम, 1998 | संपूर्ण |
| 1999 | 4 | रेल दावा अधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 1998 | संपूर्ण |
| 1999 | 11 | आय-कर (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1998 | संपूर्ण |
| 1999 | 17 | पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 1999 | संपूर्ण |
| 1999 | 21 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1999 | संपूर्ण |
| 1999 | 28 | आय-कर (संशोधन) अधिनियम, 1999 | संपूर्ण |
| 1999 | 38 | खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 1999 | संपूर्ण |
| 2000 | 2 | भारतीय दूर-संचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 19 | सूती वस्त्र उपकर (निरसन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 24 | भारतीय कंपनी (विदेशी हित) और कंपनी (लाभांशों पर अस्थायी निर्वंधन) निरसन अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 25 | सूती कपड़ा (निरसन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 26 | लौह और इस्पात कंपनी (समामेलन और प्रबंध-ग्रहण विधि) निरसन अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 27 | मोटर यान (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 31 | सेना और वायुसेना (प्राइवेट संपत्ति का व्ययन) संशोधन अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 32 | भारतीय पावर ऐल्कोहल (निरसन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 33 | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 36 | केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) संशोधन अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 38 | भारतीय पुनर्वास परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 46 | कर्मकार प्रतिकर (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 47 | पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) संशोधन अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 51 | वायुयान (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2000 | 53 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण |
| 2001 | 1 | कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2000 | संपूर्ण (धारा 5 के सिवाय) |
| 2001 | 4 | कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण (धारा 8 के सिवाय) |
| 2001 | 11 | बीमा विधि (कारबार का अंतरण और आपात उपबंध) निरसन अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 17 | उत्तर प्रदेश गन्ना उपकर (विधिमान्यकरण) निरसन अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 18 | स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 20 | बैंककारी कंपनी (विधि व्यवसायियों के मुवक्किलों के खाते) निरसन अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 2001 | 21 | विद्युत विनियामक आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 28 | पशुधन आयात (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 31 | व्यापार संघ (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 32 | प्रसव पूर्व निदान-तकनीक (विनियमन और दुरुपयोग निवारण) संशोधन अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 34 | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 35 | गन्ना उपकर (विधिमान्यकरण) निरसन अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 44 | मंत्रियों के संबलम और भत्ते से संबंधित (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 55 | राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 56 | सिनेमा कर्मकार कल्याण निधि (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2001 | 57 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2001 | संपूर्ण |
| 2002 | 13 | जूट विनिर्मिति उपकर (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 17 | पासपोर्ट (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 24 | भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 25 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 32 | संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 44 | तटरक्षक (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 45 | राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 50 | पेट्रोलियम (बरार में विस्तार) निरसन अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 61 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 63 | वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2002 | 64 | गर्भ का चिकित्सीय समापन (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2003 | 1 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2002 | संपूर्ण |
| 2003 | 14 | प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (विनियमन और दुरुपयोग निवारण) संशोधन अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 16 | वन्य जीव (संरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 19 | जल प्रदूषण (निवारण तथा नियंत्रण) उपकर (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 29 | बैंक सेवा आयोग (निरसन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 38 | शिशु दुग्ध अनुकल्प पोषण बोतल और शिशुखाद्य (उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 43 | भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 47 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 52 | रेल संरक्षण बल (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 54 | कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 56 | रेल (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2003 | 57 | विद्युत (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 2004 | 5 | विश्व मामलों से संबंधित भारतीय परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2004 | 8 | भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 2003 | संपूर्ण |
| 2004 | 25 | सीमाशुल्क और केंद्रीय उत्पाद-शुल्क (निरसन) अधिनियम, 2004 | संपूर्ण |
| 2005 | 15 | पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2005 | संपूर्ण |
| 2005 | 23 | नौसेना संशोधन अधिनियम, 2005 | संपूर्ण |
| 2005 | 41 | मजदूरी संदाय (संशोधन) अधिनियम, 2005 | संपूर्ण |
| 2005 | 47 | रेल (संशोधन) अधिनियम, 2005 | संपूर्ण |
| 2005 | 55 | कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2005 | संपूर्ण |
| 2006 | 7 | लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 8 | कंपनी सचिव (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 9 | चार्टर्ड आकाउंटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 23 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 33 | किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 39 | वन्य जीव (संरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 42 | केंद्रीय रेशम बोर्ड (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 48 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2006 | 57 | भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2007 | 4 | बाल अधिकार संरक्षण आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2006 | संपूर्ण |
| 2007 | 25 | केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 26 | विद्युत (संशोधन) अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 31 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 36 | शिक्षु (संशोधन) अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 38 | सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 42 | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 44 | वायुयान (संशोधन) अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 45 | बोनस संदाय (संशोधन) अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2007 | 49 | भारतीय बायलर (संशोधन) अधिनियम, 2007 | संपूर्ण |
| 2008 | 11 | रेल (संशोधन) अधिनियम, 2005 | संपूर्ण |
| 2008 | 12 | प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन अधिनियम, 2008 | संपूर्ण |
| 2008 | 13 | खाद्य सुरक्षा और मानक (संशोधन) अधिनियम, 2008 | संपूर्ण |
| 2008 | 14 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2008 | संपूर्ण |
| 2008 | 15 | प्रसुति प्रसुविधा (संशोधन) अधिनियम, 2008 | संपूर्ण |
| 2008 | 26 | ओषधि और प्रसाधन सामग्री (संशोधन) अधिनियम, 2008 | संपूर्ण |
| 2009 | 2 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |
| 2009 | 3 | स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |
| 2009 | 10 | सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |
| 2009 | 28 | विमान वहन (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 2009 | 34 | मेट्रो रेल (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |
| 2009 | 45 | कर्मकार प्रतिकर (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |
| 2009 | 46 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |
| 2009 | 47 | उपदान संदाय (संशोधन) अधिनियम, 2009 | संपूर्ण |
| 2010 | 2 | मंत्रियों के सम्बलमों और भत्तों से संबंधित (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 15 | उपदान संदाय (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 17 | बागान श्रम (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 18 | कर्मचारी राज्य बीमा (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 24 | औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 25 | विदेश व्यापार (विकाय और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 26 | प्रतिभूति और बीमा विधि (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 28 | ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 32 | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 34 | खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2010 | 35 | आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 2010 | संपूर्ण |
| 2011 | 10 | जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी (संशोधन) अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2011 | 12 | किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2011 | 13 | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2011 | 18 | राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2011 | 21 | केबल टेलीविजन नेटवर्क विनियमन (संशोधन) अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2012 | 1 | दामोदर घाटी निगम (संशोधन) अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2012 | 2 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 3 | चार्टर्ड आकाउंटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2012 | 4 | कंपनी सचिव (संशोधन) अधिनियम, 2011 | संपूर्ण |
| 2012 | 6 | प्रसार भारतीय (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 9 | पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि उपयोग के अधिकार का अर्जन) संशोधन अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 10 | लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 20 | भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् (संशोधन) अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 24 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 25 | रेल संपत्ति (विधिविरुद्ध कब्जा) संशोधन अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 30 | निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2012 | 37 | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2013 | 2 | धन-शोधन निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 2013 | 3 | विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) संशोधन अधिनियम, 2012 | संपूर्ण |
| 2013 | 13 | दंड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 | संपूर्ण |
| 2013 | 19 | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2013 | संपूर्ण |
| 2013 | 22 | भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (संशोधन) अधिनियम, 2013 | संपूर्ण |
| 2013 | 24 | संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2013 | संपूर्ण |
| 2013 | 29 | लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) संशोधन अधिनियम, 2013 | संपूर्ण |

# दूसरी अनुसूची

**(धारा 3 देखिए)**

## संशोधन

| वर्ष | संख्यांक | संक्षिप्त नाम | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 2013 | 14 | महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 | धारा 6, धारा 7 और धारा 24 में,--<br>(i) "स्थानीय परिवाद समिति" शब्दों के स्थान पर, जहां कहीं वे आते हैं, "स्थानीय समिति" शब्द रखे जाएंगे ;<br>(ii) "आंतरिक परिवाद समिति" शब्दों के स्थान पर, जहां कहीं वे आते हैं, "आंतरिक समिति" शब्द रखे जाएंगे । |
| 2014 | 8 | राज्यपाल (उपलब्धियां, भत्ते और विशेषाधिकार) संशोधन अधिनियम, 2014 | धारा 2 में,--<br>(i) "की धारा 2 के" शब्दों और अंक के स्थान पर, "की धारा 2 में," शब्द और अंक रखे जाएंगे ;<br>(ii) "(जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है) की धारा 2" कोष्ठकों, शब्दों और अंक के स्थान पर, "की (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है) धारा 2" शब्द, कोष्ठक और अंक रखे जाएंगे । |

## उद्देश्यों और कारणों का कथन

केंद्रीय सरकार का देश की विधिक प्रणाली में सुधार लाने, आम आदमी तक इसकी पहुंच को और अधिक सुगम बनाने तथा विधिसम्मत शासन के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प उन अधिनियमितियों का, जो गतकालिक, अनावश्यक और निरर्थक हैं, पुनर्विलोकन किए जाने से आरंभ हो गया है । इस उद्देश्य को पूरा करने में केंद्रीय सरकार ने असंगत और अनावश्यक विधियों को हटाने की दृष्टि से, विधियों और विधिक प्रणाली का बृहत् पुनर्विलोकन करने का कार्य आरंभ किया है ।

2. इस दिशा में जो पहला मुख्य कदम उठाया गया था, वह उन विधियों का, जो गतकालिक और अनावश्यक हो गई हैं और जिनको निरसित किया जा सकता है, पुनर्विलोकन करने के लिए एक समिति गठित करने का था । ऐसी गतकालिक विधियों का, जिनका निरसन किया जा सकता है, पुनर्विलोकन करने के लिए एक दो-सदस्यीय समिति का गठन किया गया था । उक्त समिति ने विधि आयोग तथा पी.सी. जैन आयोग की सिफारिशों के आधार पर उन केन्द्रीय अधिनियमों की समीक्षा की, जो सुसंगत नहीं हैं या जिनकी कोई जरुरत नहीं रह गई है और जिन्हें पूर्णतः या भागतः निरसित किया जा सकता है ।

3. दो-सदस्यीय समिति द्वारा, कानून की पुस्तकों में तारीख 15 अक्तूबर, 2014 तक जो 2781 केन्द्रीय अधिनियम विद्यमान थे, उनमें से 1741 केन्द्रीय अधिनियमों की पहचान की । उक्त समिति द्वारा निरसन के लिए जिन अधिनियमों की पहचान की गई उन्हें इस प्रकार प्रवर्गीकृत किया है : (i) 777 ऐसे अधिनियम, जिन्हें पूर्णतः या भागतः निरसित किया जा सकता है ; (ii) 83 केंद्रीय अधिनियम राज्य विषयों से संबंधित हैं जिनको राज्य विधान-मंडलों द्वारा निरसित किया जाएगा ; (iii) वर्ष 2010 तक अधिनियमित 624 केन्द्रीय विनियोग अधिनियम ; और (iv) संसद् द्वारा, राष्ट्रपति शासनाधीन राज्यों के लिए अधिनियमित 257 विनियोग अधिनियम, जिनका निरसन उन राज्यों द्वारा किया जाएगा । विधि आयोग ने "गतकालिक विधियां : तत्काल निरसन की अपेक्षा" विषयक अपनी 248वीं, 249वीं, 250वीं और 251वीं रिपोर्टों में, अन्य बातों के साथ-साथ, 289 अधिनियमों के निरसन की सिफारिश की है ।

4. केंद्रीय सरकार ने, इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, गतकालिक और अनावश्यक विधियों का निरसन करने के अपने उद्देश्य की पूर्ति की ओर निम्नलिखित कदम उठाए हैं । निम्नलिखित अधिनियमों का, अर्थात् : (i) निरसन और संशोधन अधिनियम, 2015 (2015 का 17), जो पैंतीस अधिनियमों का निरसन करने के लिए है ; (ii) निरसन और संशोधन (दूसरा) अधिनियम, 2015 (2015 का 19), जो नब्बे अधिनियमों का निरसन करने के लिए है, अधिनियमित किए जा चुके हैं ; और (iii) तारीख 11 मई, 2015 को लोक सभा द्वारा यथापारित विनियोग अधिनियम (निरसन) विधेयक, 2015 (जो 758 विनियोग अधिनियमों का निरसन करने के लिए है), राज्य सभा में लंबित है । शेष अधिनियमों पर, निरसन संबंधी कार्रवाई विभिन्न प्रक्रमों पर है ।

5. केन्द्रीय सरकार द्वारा इस दिशा में उठाए जा रहे कदमों के भागरूप वर्तमान प्रस्ताव गतकालिक और अनावश्यक 295 अधिनियमों को कानून की

पुस्तकों से हटाने के लिए है । विधेयक में एक समुचित व्यावृत्ति खंड समाविष्ट किया गया है । इसके अधिनियमित किए जाने पर, इससे गतकालिक विधियों की संख्या कम हो जाएगी और इससे उन अधिनियमितियों में स्पष्टता आएगी जिनके फायदे के लिए इन्हें अधिनियमित किया गया है ।

6. विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है ।

**नई दिल्ली ;**
**20 जुलाई, 2015**

**डी.वी. सदानंद गौड़ा**

उपाबंध

## महिलाओं का कार्यस्थाल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्यांक 14) से उद्धरण

*  *  *  *  *  *

स्थानीय परिवाद समिति का गठन और उसकी अधिकारिता ।

**6.** (1) प्रत्येक जिला अधिकारी, संबंधित जिले में, ऐसे स्थापनों से जहां दस से कम कर्मकार होने के कारण आंतरिक परिवाद समिति गठन नहींकी गई है या यदि परिवाद स्वयं नियोजक के विरुद्ध है, वहां लैंगिक उत्पीड़न के परिवाद ग्रहणकरने के लिए "स्थानीय परिवाद समिति" नामक एक समिति का गठन करेगा ।

(2) जिला अधिकारी, ग्रामीण या जनजातीय क्षेत्र में प्रत्येक ब्लॉक, ताल्लुका और तहसील में और शहरी क्षेत्र में वार्ड या नगरपालिका में परिवाद ग्रहण करने के लिए और सात दिन की अवधि के भीतर उसको संबंधित स्थानीय समिति को भेजने के लिए एके नोडल अधिकारी को पदाभिहित करेगा ।

(3) स्थानीय परिवाद समिति की अधिकारिता का विस्तार जिले के उन क्षेत्रों पर होगा, जहां वह गठित की गई है ।

स्थानीय परिवाद समिति की संरचना सेवाधृति और अन्य निबंधन तथा शर्तें ।

**7.** (1) स्थानीय परिवाद समिति, जिला अधिकारी द्वारा नामनिर्देशित किए जाने वाले निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात् :--

(क) अध्यक्ष, जो सामाजिक कार्य के क्षेत्र में प्रख्यात और महिलाओं की समस्याओं के प्रतिबद्ध महिलाओं में से नामनिर्दिष्ट की जाएगी;

(ख) एक सदस्य, जो जिले में ब्लाक, तल्लुका या तहसील या वार्ड या नगरपालिका में कार्यरत महिलाओं में से नामनिर्दिष्ट की जाएगी ;

(ग) दो सदस्य, जिनमें से कम से कम एक महिला होगी, जो महिलाओं की समस्याओं के प्रतिबद्ध ऐसे गैर-सरकारी संगठनों या संगमों में से या ऐसा व्यक्ति, जो लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित ऐसे मुद्दों से सुपरिचित हो जो विहित किए जाएं नामनिर्दिष्ट किए जाएंगे :

परन्तु कम से कम एक नामनिर्देशिती के पास, अधिमानी रूप से विधि की पृष्ठ भूमि या विधिक ज्ञान होना चाहिए :

परन्तु यह और कि कम से कम एक नामनिर्देशिती, अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों या अन्य विछड़े वर्गों या केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय की महिला होगी;

(घ) जिले में सामाजिक कल्याण या महिला और बाल विकास से संबंधित संबद्ध अधिकारी, सदस्य पदेन होगा ।

(2) स्थानीय समिति का अध्यक्ष और प्रत्येक सदस्य, अपनी नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष अनधिक की ऐसी अवधि के लिए पद धारण करेगा, जो जिला अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए ।

(3) जहां स्थानीय परिवाद समिति का अध्यक्ष या कोई सदस्य,--

(क) धारा 16 के उपबंधों का उल्लंघन करता है ; या

(ख) किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया है या उसके विरुद्ध तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी अपराध की कोई जांच लंबित है ; या

(ग) किन्हीं अनुशासनिक कार्यवाहियों में दोषी पाया गया है या उसके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही लंबित है ; या

(घ) अपनी हैसियत का इस प्रकार दुरुपयोग करता है जिससे उसका अपने पद पर बने रहना लोक हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो गया है,

वहां, यथास्थिति, ऐसे अध्यक्ष या सदस्य को समिति से हटा दिया जाएगा और इस प्रकार सृजित नियुक्ति या किसी आकस्मिक रिक्ति को इस धारा के उपबंधों के अनुसार नए नाम निर्देशन से भरा जाएगा ।

(4) स्थानीय समिति का अध्यक्ष और उपधारा (1) के खंड (ख) और खंड (घ) के अधीन नामनिर्दिष्ट सदस्यों से भिन्न सदस्य स्थानीय समिति की कार्यवाहियां करने के लिए ऐसी फीसों या भत्तों के लिए, जो विहित किए जाएं, हकदार होंगे ।

*        *        *        *        *        *

समुचित सरकार द्वारा अधिनियम के प्रचार के लिए उपाय किया जाना ।

**24.** समुचित सरकार, वित्तीय और अन्य संसाधनों की उपलब्धता के अधीन रहते हुए :--

(क) कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण के लिए उपबंध करने वाले इस अधिनियम के उपबंधों के बारे में जनता की समझ बढाने के लिए सुसंगत सूचना, शिक्षा, संसूचना और प्रशिक्षण सामग्रियां विकसित कर सकेगी और जानकारी कार्यक्रम आयोजित कर सकेगी ;

(ख) स्थानीय परिवाद समिति के सदस्यो के लिए अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम निश्चित कर सकेगी ।

*        *        *        *        *        *

----------

## राज्यपाल (उपलब्धियां, भत्ते और विशेषाधिकार) संशोधन अधिनियम, 2014 (2014 का अधिनियम संख्यांक 8) से उद्धरण

*        *        *        *        *        *

धारा 2 का संशोधन ।

1982 का 43

**2.** राज्यपाल (उपलब्धियां, भत्ते और विशेषाधिकार) अधिनियम, 1982 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है) की धारा 2 के खंड (क) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखे जाएंगे, अर्थात् :--

(क) "पूर्व राज्यपाल" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी राज्य का या दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल रहा है ;

(कक) "राज्यपाल" से किसी राज्य का या दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल या कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो राज्यपाल के कृत्यों का निर्वहन कर रहा है ;

GMGIPMRND—1577LS(CRC)—20-07-2015.